रौल नं0.....नाम परीक्षार्थी.....

VIII-1 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

हिन्दी

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 8 पूर्णांक – 100

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्न गद्यांश का अर्थ संदर्भ सहित लिखिए – 6

महाराणा प्रताप जंगल–जंगल मारे–मारे फिरते थे, अपनी स्त्री और बच्चों को भूख से तड़पते देखते थे, परन्तु उन्होंने उन लोगों की बात न मानी जिन्होंने उन्हें अधीनतापूर्वक जीते रहने की सम्मति दी, क्योंकि वे जानते थे कि अपनी मर्यादा की चिन्ता जितनी अपने को हो सकती है,

(ख) निम्न पद्यांश का सन्दर्भ–सहित अर्थ लिखिए :– 6

नीड़ का निर्माण फिर–फिर
नेह का आह्वान फिर–फिर
बह उठी आँधी कि नभ में
छा गया सहसा अँधेरा
धूलि–धूसर बादलों ने
भूमि को इस भाँति घेरा।

2. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 8

(क) बच्चे और पेड़ संसार को हरा–भरा किस प्रकार रखते हैं?

(ख) साइजी की क्या कामना है?

(ग) बिन्दू को लेकर मझली बहू के घरवाले क्यों चिन्तित हो उठे।

3. (क) निम्न वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए :– 6

(अ) जो अपने मन को एकाग्र रखता हो।

(ब) वह स्थान जहाँ शव जलाये जाते है।

(स) ईश्वर में विश्वास करने वाला।

(ख) निम्न पंक्ति में अलंकार बताइए :– 4

'इस धरा का इस धरा पर ही धरा रह जायेगा।'

(ग) किन्हीं दो मुहावरों के अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए :– 8

(अ) अपने पैरों पर खड़ा होना (ब) चैन की साँस लेना

(स) अपना उल्लू सीधा करना।

(घ) किन्हीं दो शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :– 6

अनुशासन, उतार–चढ़ाव, आमने–सामने, द्वेष भावना

(ङ) किन्हीं दो शब्दों में से किन्हीं दो युग्मों के अर्थ अलग-अलग लिखिए:-6
अस्त्र-शस्त्र, आचार-विचार, पत्र-पात्र

4. अपनी पाठ्य-पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की चार पंक्तियाँ अथवा कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 6

5. हमारे आदर्श भाग-3 के आधार पर किसी एक महापुरुष का वर्णन कीजिए। 8

6. निम्न अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 12
भारविः बाल्यकाले महता परिश्रमेण विद्याम् अर्जितवान्। तस्य विलक्षणा प्रतिभा काव्यरचनायामपि प्रवृत्ता। स सर्वदा विद्वत्सभासु सोत्साहम् उपातिष्ठत्। तत्र पण्डितैः सह अनेकवारं चातुर्येण शास्त्राथम् अकरोत्।

अथवा

प्रसरति गगने हरि-हर-भवने,
दुन्दुभि-दमदम-नादः।
भज परमेशं पठ सनिवेशं
भवतादनुपममोदः॥

7. शुल्क मुक्ति हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना लिखिए। 8

8. निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए- 16
(क) दीपावली
(ख) किसी यात्रा का वर्णन
(ग) भारतीय किसान।